रजिस्ट्री सं. डी.एल.- 33004/99 REGD. No. D. L.-33004/99

# भारत का राजपत्र
# The Gazette of India

सी.जी.-डी.एल.-अ.-12062024-254669
CG-DL-E-12062024-254669

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 2149] नई दिल्ली, बुधवार, जून 12, 2024/ज्येष्ठ 22, 1946
No. 2149] NEW DELHI, WEDNESDAY, JUNE 12, 2024/JYAISHTHA 22, 1946

## श्रम और रोजगार मंत्रालय

## अधिसूचना

नई दिल्ली, 12 जून, 2024

**का.आ. 2251(अ).**—केन्द्रीय सरकार का समाधान हो जाने पर कि लोकहित में ऐसा करना अपेक्षित है कि ईंधन गैसों (कोयला गैस, प्राकृतिक गैस और समान गैसों) के प्रसंस्करण या उत्पादन या वितरण में लगे हुए उद्योगों की ऐसी सेवाएं, जो औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 (1947 का 14) के पहली अनुसूची के मद 29 के अधीन आती हैं, उक्त अधिनियम के प्रयोजनों के लिए लोक उपयोगी सेवा बनाया जाए ;

और, केन्द्रीय सरकार ने भारत सरकार के श्रम और रोजगार मंत्रालय की अधिसूचना संख्यांक का.आ. 4879(अ), तारीख 9 नवंबर, 2023 द्वारा, तारीख 9 नवंबर, 2023 से छह मास तक की अवधि के लिए उक्त उद्योग को उक्त अधिनियम के प्रयोजनों के लिए, उक्त उद्योग को लोक उपयोगी सेवा के रुप में घोषित किया है ;

और केन्द्रीय सरकार की यह राय है कि इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से छह मास की और अवधि के लिए उक्त उद्योग को लोकहित उपयोगी सेवा प्रास्थिति का विस्तार करना लोक हित में अपेक्षित है;

अत:, अब, केंद्रीय सरकार, औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 (1947 का 14) की धारा 2 के खंड (ढ) के उप-खंड (vi) के परंतुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, निम्नलिखित आदेश जारी करती है, जो इस प्रकार है:-

### आदेश

1. **संक्षिप्त नाम और प्रारंभ.** - (1) इस आदेश का संक्षिप्त नाम लोक उपयोगिता सेवाएं (छठा आदेश) 2024 है।

(2) यह राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से प्रवृत होगा।

2. केंद्रीय सरकार, ईंधन गैसों (कोयला गैस, प्राकृतिक गैस और समान गैसों) के प्रसंस्करण या उत्पादन या वितरण में लगे हुए उद्योगों में लगी हुई सेवाओं को इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से छह मास की अवधि के लिए, उक्त अधिनियम के प्रयोजनों के लिए लोक उपयोगिता सेवा घोषित करती है।

[फा. सं. एस-11017/08/2024-आई.आर.(पी.एल.)]

दीपिका कच्छल, संयुक्त सचिव

## MINISTRY OF LABOUR AND EMPLOYMENT

### NOTIFICATION

New Delhi, the 12th June, 2024

**S.O. 2251(E).**—Whereas the Central Government is satisfied that the publicinterest so requires that the services of the industry engaged in the processing orproduction or distribution of fuel gases (coal gas, natural gas and the like), which iscovered under item 29 of the First Schedule to the Industrial Disputes Act, 1947 (14 of 1947), to be a public utility service for the purposes of the said Act;

And whereas the Central Government has declared the said industryto be public utility service for the purposes of the said Act for a period of six monthswith effect from the 9th November, 2023 vide notification of the Government ofIndia in the Ministry of Labour and Employment number S.O. 4879(E), dated the 9th November, 2023;

And whereas the Central Government is of the opinion that public interestrequires the extension of the public utility service status to the said industry for afurther period of six months;

Now, therefore, in exercise of the powers conferred by the proviso to sub-clause (vi) of clause (n) of section 2 of the Industrial Disputes Act, 1947 (14 of1947), the Central Government hereby issues the following order as follows: -

### ORDER

**1. Short title and Commencement.-** (1) Thisorder may be called thePublic Utility Services (Sixth Order) 2024 (2) It shall come into force from the date of its publication in the Official Gazette.

2. The Central Government hereby declares the services engaged in theprocessing or production or distribution of fuel gases (coal gas, natural gas and thelike) to be a public utility service for the purposes of the said Act for a periodof six months with effect from the date of publication of this notification.

[F. No. S-11017/08/2024 -IR (PL)]

DEEPIKA KACHHAL, Jt. Secy.

Uploaded by Dte. of Printing at Government of India Press, Ring Road, Mayapuri, New Delhi-110064
and Published by the Controller of Publications, Delhi-110054.

AMIT KUMAR JAISWAL Digitally signed by AMIT KUMAR JAISWAL Date: 2024.06.12 19:45:00 +05'30'